महत्वपूर्ण एवं खास

आईआईडी विस्फोट में जवान घायल

बीजापुर (आरएनएस)। बीजापुर में आईईडी विस्फोट में एक जिला रिजर्व गार्ड का जवान घायल हो गया, घायल जवान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसके बाद सर्चिंग के दौरान आईईडी बरामद किया। आईईडी निष्क्रिय करने एक जवान घायल हो गए। बता दें कि आज ही दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ़ 232 बटालियन को एक और सफलता मिली है। जवानों ने सर्चिंग की दौरान दस किलो की आईईडी बरामद की है। नक्सलियों ने ये आईईडी जवानों को नुक़सान पहुँचाने के लिये बेनपल्ली के जंगलों में लगाया था। आईईडी डिटेक्ट होने के बाद बीडीएस की टीम ने इसे मौक़े से निकाला और सुरक्षित तरीक़े से नष्ट कर दिया।

अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, दबने से युवक की मौत

बेमेतरा (आरएनएस)। देवकर-जालबान्धा मार्ग पर ग्राम डंगनिया से अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए ट्रैक्टर नगर पंचायत कार्यालय के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गई हैं. जिससे एक युवक की मौत हो गई है. देवकर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर मृतक युवक को पोस्टमार्टम के लिए मन्ध्युरी साजा भेजवाया गया। वही पूर्व में ग्रैंड न्यूज़ ने अवैध रूप से खनन एवं परिवहन को लेकर खबर दिखाया गया था, जिसके बाद बेरला एसडीएम के निर्देश पर नदी से आने व जाने के मार्ग को अवरुद्ध कर जेसीबी से खुदाई कर दिया गया था, वही अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं द्वारा नदी के अलग अलग रास्ताओं से रात्रि में अवैध परिवहन निरन्तर जारी है। जिसका खामियाजा बीते रात एक की मौत हुई है। स्थानीय पुलिस इस सम्बंध में विवेचना कर जांच में जुटी है।

सड़क हादसे में महिला सरपंच की मौत

रायपुर/धरसींवा (आरएनएस)। तेज रफ्तार के कहर ने महिला सरपंच को चपेट में ले लिया। सरपंच दम्पत्ति सडक़ पार कर रहे थे। इसी दौरान रायपुर से बिलासपुर हाइवे के ग्राम पंचायत सिलतरा के पास यह दर्दनाक हादसा हो गया। जिसके बाद ग्राम पंचायत मुरेठी की महिला सरपंच की मौके पर मौत हो गई हैं। 61 साल की महिला सरपंच की मौत के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर देखने को मिल रही है। बता दें, उन्हें जनपद पंचायत धरसींवा के ग्राम मुरेठी का सरपंच बनाया गया था और काफी समय से सिलतरा के पास ओवर ब्रिज बनाने को लेकर आंदोलन कर रही थी। लेकिन किसे पता था कि जिस ब्रिज के लिए वो लड़ाई कर रही है उसी से अलविदा कहना पड़ेगा, हालांकि अब उनकी मौत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

किराने की दुकान में लगी आग, लाखो का माल स्वाहा

बालोद (आरएनएस)। डौंडी के वार्ड क्रमांक 4 धुर्वाटोला स्थित यादव किराना स्टोर में बीती रात लगभग 2 बजे आग लग गई. वार्ड वासियों की मदद से घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी से करीबन 5 लाख रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया गया है. आग लगने का कारण का पता नहीं चल पाया है. डौंडी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

नक्सलियों द्वारा मोबाइल टावर जलाने के मंसूबों पर फिरा पानी

सुकमा (आरएनएस)। जिले के थाना दोरनापाल अंर्तगत ग्राम कोसागुड़ा में रात्रि 01 बजे अज्ञात नक्सलियों द्वारा गांव में लगे मोबाइल टावर को जलाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसकी सूचना पर तत्काल सुकमा एसपी सुनिल शर्मा के निर्देशन पर एक टीम रवाना किया गया, जिसने चारों ओर से घेरा डालकर नक्सलियों को पकडऩे का प्रयास किया, जिससे डरकर नक्सली भाग खड़े हुए, एवं टावर को जलने बचा लिया गया, वर्तमान में टावर निर्बाध रुप से संचालित हो रहा है। घटना में शामिल असमाजिक तत्वों और नक्सलियों की पता तलाश हेतु संदिग्ध स्थलों पर पुलिस की दबिश की कार्यवाही लगातार चल रही है।

मुख्यमंत्री ने किया बी.पी.ओ. सेंटर के लिए भूमिपूजन

❐ बी पी ओ से छत्तीसगढ़ के युवाओं को मल्टीनेश्नल कंपनियों में रोजग़ार के रास्ते खुलेंगे : बघेल

❐ दस करोड़ रूपए की लागत से नगर निगम बनाएगा 500 सीटर बी.पी.ओ. सेंटर

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर शहर में 500 सीटर बीपीओ सेंटर स्थापित करने के लिए भूमिपूजन किया। लगभग 10 करोड़ रूपए की लागत से यह बीपीओ सेंटर कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग के पाचवें तल पर शुरू होगा।

शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इस बी.पी.ओ. सेंटर की स्थापना से रायपुर के युवाओं को उन्नत व आधुनिक सुविधाओं के जरिए रोजग़ार के नये रास्ते खुलेंगे।बीपीओ से मल्टीनेशनल बड़ी कंपनियों में नौकरी से युवाओं में आत्मनिर्भरता आएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बी.पी.ओ. के जरिए कॉल सेंटर कस्टमर सपोर्ट, सेल्स एंड मार्केटिंग, डाटा एंट्री, टेक्निकल सपोर्ट, चौट सपोर्ट, बैंक एंड फ्रंट ऑफिस वर्क, सोशल मीडिया हैण्डलिंग, डाटा एनालिसिस जैसे आउटसोर्सिंग व्यवसाय से युवा जुड़ सकेंगे।

बघेल ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में रायपुर में लम्बे समय से ऐसे आधुनिक बी.पी.ओ. सेंटर की आवश्यकता महसूस हो रही थी, जहां कार्य करते हुए कम लागत पर बेरोजगार व महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त कर रहें युवाओं को पूरी दुनियां से जुडक़र अपने कौशल बढ़ाने का समुचित अवसर मिले। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान की परिस्थितियों को याद करते हुए कहा कि कोरोना काल में भी हर घर तक संदेशों को पहुंचाने के लिए ऐसे बीपीओ आधारित हाइटेक कॉल सेंटर की आवश्यकता शहर में महसूस की जा रही थी। अब इस बीपीओ के बन जाने से रायपुर शहर में भी कई जन सुविधाएँ शुरू हो सकेंगी जिनसे लोगो को त्वरित लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि रायपुर में इस तरह के कॉल सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां के युवाओं को इंदौर, बैंगलुरू जैसे अन्य महानगरों में जाकर रोजगार के अवसर तलाशने पड़ते थे। प्रतिस्पर्धा के दौर में सीमित संसाधनों के कारण यहां के युवा रोजगार से वंचित हो जाते थे। अब रायपुर में बीपीओ सेंटर खुल जाने से ऐसे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। सेंटर के मार्फत देश-विदेश की बड़ी कंपनियों और वाणिज्यिक सेवा संस्थानों से जुडक़र स्थानीय युवाओं की रोजगार और विकास में भागीदारी भी बढ़ेगी। इसके साथ ही नई तकनीकों के उपयोग से विभिन्न कंपनियों में संपर्क होने से युवाओं का संवाद कौशल भी बढ़ेगा, जिससे विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

मुख्यमंत्री ने 40 करोड़ रूपए की लागत से पांच प्रमुख सडक़ों के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया

राजधानी रायपुर की सडक़ें अब और भी खूबसूरत दिखेंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर उत्तर विधानसभा में भेंट-मुलाकात के दौरान आज शहर के पांच प्रमुख सडक़ों के सौंदर्यीकरण कार्य का घड़ी चौक में आयोजित कार्यक्रम में शुभारंभ किया। इन सडक़ों के सौंदर्यीकरण के लिए 40 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। रायपुर शहर के प्रमुख चौराहा घड़ी चौक के सौंदर्यीकरण कार्य के तहत सीएसआईडीसी के सामने वॉल पेंटिंग किया गया है, जिसमें विभिन्न कलाकृतियां बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने इस वॉल सजावटी पेंटिंग में अपने हाथों से छत्तीसगढ़ी ट्रायबल आर्ट की पेंटिंग की। वॉल पेंटिंग में हमर चिन्हारी हमर छत्तीसगढ़ अंकित किया गया है। राजधानी के पांच सडक़ों के सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत जीई रोड, वीआईपी रोड, बलौदाबाजार रोड, स्टेशन रोड, पचपेड़ी नाका रोड का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस मौके पर विधायक कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

गली, मोहल्लों और आऊटर में बाइक से सघन पेट्रोलिंग कर रही चक्रधरनगर पुलिस

❐ नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों की बढ़ी मुश्किलें,

रायगढ । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा विजुअल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने थाना चौकी प्रभारियों को प्रतिदिन अपने स्टाफ के साथ मार्केट एरिया और गली, मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं अति. पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा व नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के निर्देशानुसार थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा दुपहिया वाहनों से उनके क्षेत्र के गली मोहल्लों एवं चौक चौराहों में पुलिस की पहुंच मुनासिब जानते हुए प्रतिदिन अत्यधिक बसाहट वाले मोहल्ले सिंधी कॉलोनी, विनोबा नगर, विजयपुर, मोदीनगर, चौक बोईरदादर चौक, बेलादुला खर्रा घाट, मरीन ड्राइव, एसईसीएल ऑफिस, टीवी टावर, कमला नेहरू गार्डन आदि क्षेत्रों के गलियों मोहल्लों में जाकर पेट्रोलिंग किया जा रहा है । प्रमुख चौक चौराहों पर थाना प्रभारी मोहल्लेवासियों से चर्चा करते हैं । मोहल्लेवासियों द्वारा आउटर और सुनसान स्थानों में शराबियों के लुक छुप कर शराब पिए जाने की सूचना दी गई जिस पर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मरीन ड्राइव, केलो पुल के नीचे सुनसान क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रास्ते में बेवजह ग्रुप में बैठकर आने जाने वाले लोगो को परेशान करने वालो को सख़्त हिदायत देकर छोड़ा गया ।

चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा पेट्रोलिंग दौरान जमुना इन चौक के पास लगे दुकानदारों को सख़्त हिदायत दिया गया कि शराब पीने वालों को सुविधा उपलब्ध ना करावे साथ ही साथ ऐसे लोगो को दुकान के आसपास रुकने से भी मना करें निर्देशों का पालन नहीं करने पर दुकान संचालकों पर उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगा ।

एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशों पर पुलिस का बदला स्वरूप देखकर लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ने लगा है । लोगों ने इस कदम के लिए चक्रधरनगर पुलिस बल को धन्यवाद देते हुए इस प्रकार निरंतर बाइक पेट्रोलिंग के लिए निवेदन किया गया है।

बिरनपुर में पिता-पुत्र की हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा (आरएनएस)। बिरनपुर में पिता-पुत्र की हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

बेमेतरा के बिरनपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा में भुनेश्वर साहू की मौत हो के बाद पिता-पुत्र रहीम और ईदुल की कर दी गई थी। पिता-पुत्र की हत्या के आरोपियों के संबंध में कोई सूचना या जानकारी देने वाले को 10 हजार रुपए नगद इनाम देने का आदेश बेमेतरा एसपी आई कल्याण एलेसेला ने जारी किया था। पिता-पुत्र रहीम और ईदुल की हत्या मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गिरफ्तार आरोपी आसपास जिले के युवा शामिल थे। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलेसेला ने बताया कि बिरनपुर हिंसा मामले में अब तक 28 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूरे मामले में सात एफआईआर दर्ज किए गए हैं। अभी इन्वेस्टिगेशन जारी है। और भी आरोपियों की तलाश जारी है। भुनेश्वर साहू हत्याकांड में 11 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं गांव के एक घर में आगजनी मामले में 9 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

थाना परिसर में खड़ी गाड़ियों में आग लगाने वाला सनकी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के कोतवाली परिसर में खड़े जब्त गाडिय़ों में आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम मंगल कौशिक है जो पूर्व भी आगजनी के मामले में जेल जा चुका है।

बता दें कि शनिवार रात थाना सिटी कोतवाली परिसर में खड़ी जब्त दर्जनों गाडिय़ों पर किसी ने आग लगा दी थी। इस घटना में करीब पांच दर्जन दुपहिया वाहन जल गये थे। मामले की जांच के दौरान कोतवाली में लगे सीसीटीवी में आग लगाते हुए नजर आने के बाद मंगल कौशिक नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि आरोपी मंगल कौशिक ने ही साल 2017 में गोलबाजार इलाके में सूर्या लॉज में भी आग लगाया था इस हादसे में उसमें 4 लोगो की मौत हुई थी। यह भ्ज्ञी ककहा जा रहा है कि मंगल को आग लगाने की सनक है । कोतवाली पुलिस ने उसके खिलाफ आगजनी कर सरकारी संपत्ति को नुकसान का मामला दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री ने कौशल्या सोनी के घर स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी भोजन का लिया आनंद

❐ खाने में परोसा गया मुनगा-बड़ी, लाल भाजी, बोहार भाजी और खट्टा भिंडी

❐ सोनी और उनके परिवार ने घर के मुख्य द्वार पर तिलक-आरती कर पुष्प-गुच्छ से मुख्यमंत्री का किया आत्मीय स्वागत

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज रायपुर उत्तर विधानसभा के अंतर्गत त्रिमूर्ति नगर स्थित कौशल्या सोनी के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री पंडरी में अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के बाद सुश्री सोनी के आतिथ्य में भोजन के लिए उनके घर आए, मुख्यमंत्री का सुश्री सोनी के परिवारजनों ने घर के मुख्य द्वार पर तिलक-आरती किया और पुष्प-गुच्छ तथा गमछा भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा,नगर निगम महापौर एज़ाज़ ढेबर एवं अन्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सोनी परिवार के सदस्यों द्वारा सादगी के साथ परोसे गए स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी भोजन का स्वाद लिया।परिवार ने पूरी आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री को भोजन में चावल, दाल, रोटी के साथ चौलाई भाजी, लाल भाजी,बोहार भाजी, मुनगा-बड़ी की सब्जी, खट्टा जिमी कंद और कद्दू, सलाद और पापड़ भी परोसा। मुख्यमंत्री जी के साथ भोजन करके सोनी परिवार गदगद हो रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी भोजन के लिए सुश्री सोनी एवं उनके परिजनों को उपहार भेंटकर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री को अपने आतिथ्य में परिवार के बीच बैठकर भोजन करता पाकर परिवारजन खुशी से गदगद थे। मुख्यमंत्री को सुश्री सोनी ने बताया कि वह पिछले 26 वर्षों से आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्य कर रही है।पहले उसे नही के बराबर मानदेय राशि मिलती थी।सरकार द्वारा इस मानदेय राशि को बढ़ा कर 5 हज़ार रुपए कर दिया गया है।इस बढ़े मानदेय के लिए उन्होंने अपने आंगनबाड़ी सहायिकाओं की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

संजीवनी केन्द्र में इस बार नागरिकों के लिए मिलेट के प्रोडेक्ट उपलब्ध

❐ रागी का पोहा, रागी की कुकीज, कोदो चावल, मिलेट्स से बना पास्ता सेहत के लिए फायदेमंद

राजनांदगांव (आरएनएस)। शासन के वन विभाग परिसर स्थित संजीवनी केन्द्र में इस बार नागरिकों के लिए मिलेट के प्रोडेक्ट विशेषकर रागी का पोहा, रागी की कुकीज, कोदो चावल, मिलेट्स से बना पास्ता, सहित हर्बल उत्पादों, लघु वनोपजों, आयुर्वेदिक दवाईयों सहित विविध प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए यहां विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद मिल रहे हैं। शासन द्वारा मिलेट के प्रोडक्ट के फायदे को देखते हुए बढ़ावा दिया जा रहा है। केन्द्र में बने महुआ के विभिन्न उत्पाद महुआ के लड्डू स्कवैश, शरबत, महुआ, चिक्की, आचार, जामुन चिप्स उपलब्ध हैं। शासन द्वारा हर्बल उत्पादों एवं लघुवनोपज को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस सिलसिले में संजीवनी केन्द्र में विभिन्न स्वादिष्ट उत्पादों की श्रृंखलाएं हैं। यहां प्रदेश भर में स्थानीय स्तर पर निर्मित गुणवत्तापूर्ण उत्पाद यहां है। बस्तर के खट्टी-मीठी इमली कैंडी से लेकर जामुन का शरबत सहित विभिन्न प्रोडक्ट हैं। संजीवनी केन्द्र में आए गिरधारीलाल तिवारी ने कहा कि आंवला जूस, जामुन जूस के उत्पाद काफी अच्छे हैं और शुद्ध तथा गुणवत्तायुक्त हैं। रागी पोहा, रेड साइस अच्छा है। शहद तो यहां का बहुत अच्छा है। बीमारियों के लिए हर्बल प्रोडक्ट उपयोगी है। दशगन टोन्डर ने कहा कि कोदो, दलिया, रागी कुकीज, पास्ता सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। अनमोल ने बताया कि यहां वाजिब कीमतों पर हर्बल उत्पाद एवं लघु वनोपज उपलब्ध रहता है।

उल्लेखनीय है कि संजीवनी केन्द्र में च्यवनप्रश, त्रिफला चूर्ण, बस्तर काजू, इमली ब्रिक्स, अश्वगंधा चूर्ण, हर्बल कॉफी, फेस पैक पाउडर, भृंगराज तेल, मधुकम सैनिटाइजर, मधुमेह नाशक चूर्ण, ग्रीन टी, सफेद मूसली चूर्ण, गिलोय चूर्ण, सितोप्लादी चूर्ण, चिरौंजी दाना, हर्बल सोप, हैण्डमेड ग्रीन टी, इमली चपाती, महुआ बीज तेल, काजू ग्रेड, काजू कनकी, पाइप फूलझाडू, केन फूलझाडू, शहद, एलोवेरा साबुन, हर्बल गुलाल, तिखुर पाउडर, आंवला कैण्डी नमकीन, हर्बल हवन सामग्री, हर्बल धूप बत्ती, आंवला जूस, आंवला मुरब्बा, आंवला अचार, बेल मुरब्बा, आंवला पाचक, जामुन जूस, बेल शरबत, आंवला कैण्डी, दोना-पत्तल, खड़ी उड़द, उड़द दाल, रोसेला पैटल पाउडर, व अन्य वनों से संग्रहित व आदिवासी महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद उपलब्ध हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

रायपुर रेलवे स्टेशन में आटो चालक पर चाकू से हमला : पुलिस ने आरोपियों का आधा मुंडन कराकर निकाला जुलूस

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी रायपुर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं। हर रोज अपराधियों के गिरफ्तारी का मामला सामने आ रहा है। इसके बाद अपराधी बेलगाम हैं।

शहर में मामूली बातों को लेकर चाकूबाजी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रायपुर रेलवे स्टेशन में देखने को मिला, जहां जहां मामूली विवाद पर ऑटो चालकों के बीच चाकूबाजी हुई। चालक पर चाकू से हमला किया गया है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

नर्मादापर रायपुर निवासी प्रार्थी ऑटो चालक हनुमान दास मानिकपुरी ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ऑटो संघ के सचिव को आरोपी ऑटो चालक ने चाकू से वार कर जान से मरने की धमकी दी। इस बीच प्रार्थी ने बीचबचाव करने की कोशिश की। इसके बाद मामला शांत होने पर फिर 5-6 बदमाशों ने रात 8 बजे प्रार्थी को घेरकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बदमाश हत्या करने की नियत से मौके पर पहुंचे थे। आरोपी पास रखे चाकू से प्रार्थी पर वार कर मौके से भाग निकले।

पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले 1 नाबालिग समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मोनू उर्फ आरिफ खान, रितिक केशरवानी, आरिफ आलम, फदीन खान और नाबालिग शामिल हैं। थाना गंज में अपराध क्रमांक 136/23 धारा 307, 147, 148, 149, 25, 27 आम्र्स एक्ट का रिपोर्ट दर्ज किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 1 नग चाकू और एक बाइक जब्त किया गया है।